पैरीवेयर ने किए नए कलेक्शन लॉन्च

इंदौर। बाथरूम स्पेस के लिए इनोवेटिव डिजाइन कॉन्सेप्ट पेश करने के साथ भारत की भरोसेमंद बाथरूम सॉल्यूशन ब्रांड पैरीवेयर ने अपने नए आर्टिस्टिकली डिजाइन कलेक्शन- आर्टिट्यूड को लॉन्च किया है। सभी तरह के बाथरूम स्पेस में फिट बैठते हुए नए आर्टिट्यूड कलेक्शन में नाइट लाइफ सीरीज और ओवो सीरीज शामिल हैं। नाइट लाइफ सीरीज में मैट पॉलिश वाले ब्लैक कलेक्शन शामिल हैं जो अभी तक के सबसे बोल्ड और ड्रैमेटिक बाथरूम स्टेटमेंट को पेश करता है। ओवो सीरीज एक अंडाकार आकृति की विशेषता के साथ बेहद अलग लेवल का डिजाइन पेश करता है, जो बारीक लाइनें और नरम आकृति होती हैं। अर्टीट्यूड कलेक्शन में न केवल बोल्ड और आर्टिस्टिक रूप से तैयार किए गए डिजाइन शामिल हैं, बल्कि यह एक नई इलेक्ट्रॉनिक रेंज भी पेश करता है, जिसमें एक ऑटोमैटिक साबुन डिस्पेंसर नल और एक पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक डब्ल्यूसी शामिल हैं, जो ऑटोमेटिक काम करता है। अर्टीट्यूड कलेक्शन के लॉन्चिंग अवसर पर रोका बाथरूम प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, के ई रंगनाथन ने कहा, हम इस सुंदरता से भरे, दिल को खुश कर देने वाले कलेक्शन को पेश करने के लिए बेहद रोमांचित हैं ऑलवेज इन फैशनकी साइक्लोजी के साथ अपने अपीयरेंस को और मजबूत करने जा रहे हैं अर्टीट्यूड कलेक्शन एक ऐसा कलेक्शन है, जहां पैरीवेयर प्रोडक्ट्स का आर्ट और एटीट्यूड एक अलग सा जादु पैदा करता है, जो आपके बाथरूम को किसी आर्ट गैलरी की तरह पेश करता है। हम टेक्निकली तैयार किए गए इलेक्ट्रॉनिक सेंसर नल भी पेश कर रहे हैं।